दौसा हादसे के बाद फिर सवालों के घेरे में हंस ट्रैवल्स

- हादसों का रहा है पुराना इतिहास
- दौसा हादसे ने फिर खोली ट्रैवल्स की लापरवाही की परतें
- नियम उल्लंघन और विवादों से हैं पुराना नाता

नव भारत न्यूज

इंदौर. दौसा में हंस ट्रैवल्स की स्लीपर बस में लगी भीषण आग ने आठ यात्रियों की जान ले ली. इस हादसे के बाद एक बार फिर कंपनी का पुराना रिकॉर्ड चर्चा में है. पिछले कुछ वर्षों में हंस ट्रैवल्स का नाम सड़क हादसों, फायर सेफ्टी में अनियमितताओं, यात्रियों की सुरक्षा में लापरवाही, अवैध पार्किंग और नियमों के उल्लंघन जैसे मामलों में सामने आता रहा है.

दौसा हादसे में ऋषिकेश से इंदौर आ रही बस ट्रक से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गई. जब हादसा हुआ तब अधिकांश यात्री सो रहे थे, जिससे उन्हें बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला. इस हादसे ने निजी बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. हंस ट्रैवल्स की बसें पहले भी कई बार हादसों का शिकार हो चुकी हैं. इंदौर अहमदाबाद हाईवे सहित अन्य मार्गों पर हुई दुर्घटनाओं में तेज रफ्तार और लापरवाही के आरोप सामने आए. कुछ समय पहले परिवहन विभाग ने रिंग रोड पर कार्रवाई के दौरान कंपनी की बसों में फायर सेफ्टी उपकरण, स्पीड गवर्नर और अन्य व्यवस्थाओं की जांच की थी. अनियमितताएं मिलने पर बसों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी बावजूद इसके नतीजा सिफर रहा.

कंपनी का नाम यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में भी सामने आ चुका है. मुंबई से इंदौर आ रही बस में युवती से छेड़छाड़ के मामले में ड्राइवर और क्लीनर की गिरफ्तारी हुई थी. वहीं शहर के सरवटे, विजयनगर, भंवरकुआं और चोइथराम मंडी जैसे व्यस्त इलाकों में बसों की अवैध पार्किंग को लेकर भी कई बार कार्रवाई हुई, लेकिन स्थिति में खास बदलाव नहीं आया. यात्री बसों से बिना अनुमति व्यावसायिक पार्सल ले जाने के मामलों में भी जांच एजेंसियां कार्रवाई कर चुकी हैं. दौसा हादसे के बाद अब परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था और निजी बस ऑपरेटरों के सुरक्षा मानकों को लेकर फिर बहस शुरू हो गई है. सवाल यह भी है कि बार बार सामने आ रही अनियमितताओं के बावजूद सख्त और स्थायी कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही है.

घर पहुंचने से पहले मौत ने रोक लिया सफर...

इंदौर. मसूरी से लौट रही 20 वर्षीय भूमि भौर ने बस में बैठने के बाद पिता को फोन कर कहा था कि वह बुधवार सुबह घर पहुंच जाएगी. परिवार रातभर उसके इंतजार में जागता रहा, लेकिन सुबह उसकी मौत की खबर ने घर की खुशियां मातम में बदल दीं. भूमि अपनी सहेलियों दिशा और लिसा के साथ घूमने गई थी. ट्रेन छूटने के बाद तीनों हंस ट्रैवल्स की बस से इंदौर लौट रही थीं. दौसा के पास हुए भीषण हादसे में भूमि की मौत हो गई, जबकि उसकी दोनों सहेलियां घायल हो गईं. भूमि परिवार की सबसे बड़ी संतान थी. हादसे में इंदौर के पत्रकार चंदू गुप्ता भी घायल हुए हैं, जबकि उनकी पत्नी निर्मला गुप्ता का समाचार लिखे जाने तक पता नहीं चल सका.

बिना वजह ट्रैक्टर रुकवाकर चालक को चाकूओं से गोदा

- तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज, की जा रही तलाश

इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र में तीन अज्ञात बदमाशों ने ट्रैक्टर रुकवाकर चालक पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल का उपचार अस्पताल में चल रहा है. पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

सिमरोल थाने में पदस्थ सब उपनिरीक्षक पंकज कटारे ने बताया कि घटना मंगलवार शाम करीब 6 बजे दतोदा के बाजार चौक पर हुई. घायल करण मेहता ने अस्पताल में पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह ट्रैक्टर से कनाड़ रोड से दतोदा की ओर जा रहा था. इसी दौरान बाजार चौक पर तीन युवकों ने उसका ट्रैक्टर रुकवाया और बिना किसी बात के मारपीट शुरू कर दी. आरोप है कि एक बदमाश ने चाकू से उसके पेट, कमर और पीठ पर वार कर दिए. तीनों आरोपी घटना के बाद फरार हो गए. पीड़ित ने बताया कि वह किसी भी आरोपी को नहीं पहचानता है, हालांकि एक ने सफेद, दूसरे ने लाल और तीसरे ने काले रंग की शर्ट पहन रखी थी. मामले में थाना प्रभारी कुलदीप खत्री का कहना हैं कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

कर्ज से परेशान प्रॉपर्टी कारोबारी ने सल्फास खाकर दी जान

- दोस्तों को मैसेज भेजकर बताई वजह
- सुसाइड नोट में लिखा- परिवार को परेशान न किया जाए

इंदौर. खुड़ैल क्षेत्र के ग्राम शिवनी में रहने वाले 45 वर्षीय प्रॉपर्टी कारोबारी बहादुर सिंह पिता अतरसिंह परिहार ने कर्ज से परेशान होकर सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली. मंगलवार शाम उनका शव पिपलादा स्थित हनुमान मंदिर के पीछे कुएं के पास मिला. पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने अपनी मौत के लिए केवल बढ़ते कर्ज को जिम्मेदार बताया है.

खुड़ैल थाना प्रभारी कन्हैय सिंह शेखावत ने बताया कि बहादुर सिंह मंगलवार सुबह करीब पांच बजे घर से निकले थे. सुबह करीब 11.30 बजे उन्होंने दोस्तों को मैसेज भेजकर लिखा कि वह कर्ज नहीं चुका पा रहे हैं और जीवन समाप्त करने जा रहे हैं. इसके बाद दोस्तों ने उन्हें फोन कर तलाश शुरू की, लेकिन शाम को उनका शव मिला. सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा कि वह अपनी मर्जी से यह कदम उठा रहे हैं, परिवार को परेशान नहीं किया जाए. उन्होंने यह भी लिखा कि पूरे लेन देन और हिसाब किताब का विवरण डायरी में दर्ज है, जो परिवार को मिल जाएगा. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उन्होंने जमीनों में निवेश के लिए कर्ज लिया था, लेकिन बाजार में अपेक्षित तेजी नहीं आने से आर्थिक दबाव लगातार बढ़ता गया. सुसाइड नोट और अन्य दस्तावेजों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है.

बेटी के कमरे में मिला युवक, पिता ने डंडे से पीटा

इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में बेटी के कमरे में मिले युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. युवक की शिकायत पर पुलिस ने युवती के पिता के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

परदेशीपुरा थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि बिलोटीपुरा निवासी 30 वर्षीय अभिषेक चौहान ने शिकायत में बताया कि वह अपनी परिचित आशिका को उसके घर छोड़ने गया था. इस दौरान आशिका ने उसे ऊपर स्थित अपने कमरे में परिवार वालों को बिना बताए रुकने के लिए कहा. सुबह करीब 6.30 बजे आशिका के पिता आशीष गौड़ ने उसे कमरे में देख लिया. आरोप है कि आशीष गौड़ ने गुस्से में डंडे से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसके हाथ और पैर में चोट आई. किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले अभिषेक का आरोप है कि आरोपी ने गाली गलौज करते हुए दोबारा उसकी बेटी से बात करने पर जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने युवक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

पुलिस ने एक लाख की ड्रग्स के साथ आरोपी को दबोचा

- एमडी ड्रग्स बेचकर नशे की लत पूरी करता था 'फटा'

इंदौर. खजराना पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले 49 वर्षीय आरोपी इकबाल उर्फ फटा खान को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स बरामद हुई है, जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है. पुलिस आरोपी से ड्रग्स के सप्लायर और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है.

एडिशनल सीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि दरगाह के पीछे स्कीम नंबर 134 स्थित गार्डन में संदिग्ध युवक के होने की सूचना पर टीम ने घेराबंदी की. पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया. तलाशी में उसके पास से 10 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स मिली. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इकबाल उर्फ फटा खान निवासी नाहरशाह वली दरगाह मैदान, खजराना बताया.

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह स्वयं एमडी ड्रग्स का नशा करने का आदी है. नशे की लत पूरी करने और जल्दी पैसे कमाने के लालच में वह कम कीमत पर ड्रग्स खरीदकर अधिक कीमत पर बेचता था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड पर लेकर उससे ड्रग्स के स्रोत, सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

एक नजर में

बाइक से कट लगने पर युवक के पेट में घोंपा चाकू

महू. गेटवेल अस्पताल के पास बुधवार शाम बाइक कट मारने को लेकर हुए विवाद में एक 18 साल के युवक को चाकू मार दिया गया. युवक के पेट में चाकू लगने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस के अनुसार, चोरल डेम निवासी गोलू पिता जगदीश (18) बुधवार शाम करीब 6.30 बजे इंदौर से अपने घर लौट रहे थे. गेटवेल अस्पताल के सामने उनकी बाइक से कट लगने को लेकर दो दूसरे बाइक सवार युवकों से उनकी कहासुनी हो गई. विवाद बढ़ने पर एक आरोपी ने गोलू के पेट में चाकू घोंप दिया. इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए. घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने घायल युवक को संभाला और तुरंत अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है. पेट में गहरा घाव होने से उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है. हालांकि, क्षेत्र में बढ़ते क्राइम ग्राफ और लचर कानून व्यवस्था को देखते हुए जनता अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर सीधे सवाल उठा रही है. वहीं घटनास्थल के ठीक सामने बड़ा निजी अस्पताल गेटवेल मौजूद होने के बावजूद घायल को वहां तुरंत इलाज न मिलना, क्षेत्र की आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और संवेदनशीलता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है. गंभीर रूप से घायल युवक को तड़पती हालत में शासकीय मध्य भारत अस्पताल ले जाना पड़ा, जिससे कीमती समय भी बर्बाद हुआ. इधर, स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण यह पूरा इलाका अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है. महज दो दिन पूर्व भी इसी गेटवेल अस्पताल के पास सरेआम तलवारबाजी की घटना हो चुकी है. दो दिन के भीतर लगातार दूसरी बड़ी वारदात होने के बावजूद महू थाना पुलिस गहरी नींद में सोई हुई है.

नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण के दूसरे बैच का शुभारंभ

महू. भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के आंचलिक कार्यालय महू स्थित कौशल विकास केन्द्र में बुधवार को 15 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाओं व महिलाओं के लिए नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण के दूसरे बैच का शुभारम्भ किया गया. कार्यक्रम में समाजसेवी श्रीमती निर्मला यादव मुख्य अतिथि एवं संघ के महासचिव सुरेश खण्डेलवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. श्रीमती यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं ऐसे नि:शुल्क प्रशिक्षणों का लाभ लेकर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनें और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं. विशेष अतिथि सुरेश खण्डेलवाल ने कहा कि इस प्रशिक्षण का स्वयं लाभ लेने के साथ ही आस-पास की अन्य महिलाओं को भी सीखने के लिए प्रेरित करें. इससे पूर्व, उपनिदेशक राजेश चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती कमलेश पिंपलेकर ने किया. इस अवसर पर श्रीमती संध्या मिश्रा और दिलीप वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

स्व. दीपक जाजू की जयंती पर सजेगी सुरों की महफिल

महू. दीपक जाजू मित्र मंडल द्वारा संगीत के पितृपुरुष, वरिष्ठ खेल संघटक एवं समाजसेवी स्व. दीपक जाजू के जन्म दिवस के अवसर पर एक भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम में मंडल के चुनिंदा सुर साधक स्वर्गीय जाजू के पसंदीदा गीतों की प्रस्तुतियां देंगे. इसके साथ ही संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को स्व. दीपक जाजू स्मृति संगीत सम्मान से नवाजा जाएगा. मित्र मंडल के वरिष्ठ सदस्य बसंत अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी विजय परदेशी ने बताया कि इस वर्ष यह प्रतिष्ठित सम्मान महू के तीन वरिष्ठ सुर साधकों को प्रदान किया जाएगा. इनमें मुकेश के गीतों को अपनी सुरीली आवाज से जीवंत करने वाले वरिष्ठ गायक भरत सागर, गायन के क्षेत्र में नगर का नाम रोशन करने वाले डॉ. सजल चन्दा और महू की स्वर कोकिला के रूप में विख्यात माला स्टीफंस शामिल हैं. आयोजन के मुख्य अतिथि पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित भैरूसिंह चौहान होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के संरक्षक राधेश्याम यादव करेंगे. सुरमयी शाम को सफल बनाने का आह्वान मंडल के अरुण जोशी, जेबी सिंह, महेंद्र चतुर्वेदी, कन्हैया सिंह चौहान, अरुण माहेश्वरी, सुनील कौशल और कमलेश यादव आदि ने किया है.

फर्जी लोन ऐप के झांसे में 3.25 लाख की साइबर ठगी

इंदौर. बेटमा थाना क्षेत्र में फर्जी लोन ऐप के जरिए साइबर ठगी का मामला सामने आया है. लोन दिलाने का झांसा देकर अज्ञात साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से ऑनलाइन 3.25 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी कर ली. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी मीना कर्णावत ने बताया कि औसियन पार्क कॉलोनी निवासी सुमित कुमार भाटिया ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपियों ने लोन दिलाने का झांसा देकर फर्जी लोन ऐप के माध्यम से अलग अलग ट्रांजेक्शन कर उनसे 3,25,558 रुपए ठग लिए. ठगी का पता चलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की. पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

शराब के साथ महिला गिरफ्तार-इंदौर. खजराना पुलिस ने एक महिला को 30 लीटर महुए की कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि पुलिस ने स्टार चौराहे के पास रेडिसन सर्विस रोड से जल्ला कॉलोनी निवासी सीमा परमार को गिरफ्तार किया. उसके कब्जे से दो केन में करीब 30 लीटर महुए की कच्ची शराब जब्त की. उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

तलवार, डंडों और कार से हमला के चारों आरोपी गिरफ्तार

- यशवंतनगर में 14 जून को नाली को लेकर हुआ था विवाद

इंदौर. यशवंतनगर में नाली विवाद के चलते एक व्यक्ति पर तलवार और डंडों से जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे चारों आरोपियों को मानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तलवार, डंडे और कार भी जब्त कर ली गई है. सभी आरोपियों पर एक-एक हजार रुपए का इनाम घोषित था.

घटना रविवार 14 जून की हैं, यशवंतनगर निवासी संजय पटेल पर पंजाबी ढाबे के पास एबी रोड पर नाली विवाद को लेकर मिथुन ठाकुर, भूपेंद्र उर्फ धनसिंह ठाकुर, जयंत उर्फ गणेश ठाकुर और वीरेंद्र उर्फ वीरेन उर्फ भीमा ने तलवार, डंडों तथा कार से हमला कर दिया था. घटना में संजय गंभीर रूप से घायल हो गया था. मामले में प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी. लगातार फरारी के बाद मंगलवार 30 जून और बुधवार 1 जुलाई की दरमियानी रात मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी महेन्द्र मकाश्रे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कैलौद फाटा-बड़गोंदा खरगोन रोड पर घेराबंदी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों से घटना में उपयोग तलवार, डंडे और कार एमपी 09 बीजी 9827 बरामद की गई. सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेज दिया. मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि नाली विवाद में हुए जानलेवा हमले के मामले में चारों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

दो सूने मकानों से जेवर नकदी समेत लाखों का माल चोरी

इंदौर. अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में चोरों ने दो अलग अलग सूने मकानों को निशाना बनाकर जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया. दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पहले मामले में नेमी नगर जैन कॉलोनी निवासी मनोज जैन के घर में रात के समय घुसे बदमाश चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर फरार हो गए. चोरी गए सामान की कीमत का आकलन किया जा रहा है. वहीं दूसरे मामले में सुदामा नगर स्थित एक मकान को निशाना बनाते हुए बदमाश करीब 1.20 लाख रुपए का माल समेट ले गए. फरियादी रूपेश साहू ने पुलिस को बताया कि चोर घर से 1,015 चांदी के सिक्के, 10 जोड़ी चांदी के बिछुए, चार लाख की चूड़ियां, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी का बिस्किट और नकदी चोरी कर ले गए. थाना प्रभारी हित गोपाल यादव का कहना है कि दोनों मामलों में पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश कर रही है.

बोरिंग का पंखा और बैटरी चोरी

इंदौर. ग्राम आम्बाचंदन स्थित गणेश तोल कांटे के कमरे से बोरिंग का पंखा और बैटरी चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. ग्राम आम्बाचंदन में रहने वाले खेमराज पाटीदार की शिकायत पर इरशाद निवासी सेंट मेरी स्कूल के पास और फरहान निवासी खान कॉलोनी, महू के खिलाफ केस दर्ज किया है. आरोप है कि दोनों ने गणेश तोल कांटे के कमरे में रखा बोरिंग का पंखा और एक्साइड कंपनी की बैटरी, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए है, चोरी कर ली. थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर महू पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

किशनगंज में भी सूने मकान से 30 हजार नकदी चोरी-इंदौर. किशनगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाश सूने मकान का ताला तोड़कर 30 हजार रुपए की नकदी चोरी कर फरार हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

शादी का झांसा देकर रेप : 4 साल बाद आरोपी पर दर्ज कराया केस

इंदौर. भंवरकुआं पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है. थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि 29 वर्षीय एक युवती की शिकायत पर ग्राम सेमलाया निवासी रमेश कनेश के खिलाफ केस दर्ज किया है. आरोप है कि वर्ष 2021 में लाल बहादुर शास्त्री नगर, तीन इमली क्षेत्र में आरोपी ने शादी का वादा कर युवती से शारीरिक संबंध बनाए थे. बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया. पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

कॉलेज की लैब से 85 हजार की मशीनरी चोरी

इंदौर. छत्रीपुरा थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलेज में चोरों ने लैब की खिड़की तोड़कर करीब 85 हजार रुपए की मशीनरी चोरी कर ली.

थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि वंदना नगर में रहने वाले आशीष मंडलोई की शिकायत पर मामला दर्ज किया है, उन्होंने बताया कि कॉलेज की सॉयल लैब और वेल्डिंग वर्कशॉप की खिड़की तोड़कर अज्ञात बदमाश अंदर घुस गए. बदमाश पोर्टेबल वेल्डिंग मशीन, ट्रांसफार्मर और इंटर कनेक्शन केबल सहित करीब 85 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए. घटना का पता चलने पर आसपास तलाश और पूछताछ की गई, लेकिन आरोपियों का सुराग नहीं लगा. पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है.

डॉक्टर के फ्लैट से नकदी चोरी-इंदौर. पलासिया थाना क्षेत्र स्थित गीता नगर में एक डॉक्टर के फ्लैट से अज्ञात बदमाश नकदी चोरी कर फरार हो गया.

थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीकृपा अपार्टमेंट, गीता नगर निवासी डॉ. अंशुल मीणा ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके फ्लैट की अलमारी में रखी नकदी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया. घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की. पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है. चोरी गई नकदी की राशि का पुलिस सत्यापन कर रही है.

एक नजर में

पाइप लाइन के बदहाल मेंटेनेंस और लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा

करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद नहीं बुझ पा रही शहर की प्यास

इंदौर. करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई जलापूर्ति व्यवस्था के बावजूद शहर में प्यास नहीं बुझ रही. गर्मी हो, बरसात हो या सर्दी, हर मौसम में कहीं न कहीं पानी का संकट खड़ा हो जाता है. पाइपलाइन के बदहाल मेंटेनेंस और लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है.

शहर के अन्य क्षेत्रों की तरह परदेसीपुरा के वार्ड क्रमांक 23 स्थित कोली मोहल्ला में जलापूर्ति व्यवस्था की बदहाली नगर निगम के दावों की परतें खोल रही है. क्षेत्र की गली नंबर 11 में नर्मदा का पानी तो आता है, लेकिन क्षतिग्रस्त पाइपलाइन और समय पर मेंटेनेंस नहीं होने से कई गलियों के घरों तक एक बूंद भी नहीं पहुंच पाती. नतीजा यह है कि गर्मी, बरसात और सर्दी तीनों मौसमों में लोगों की दिनचर्या पानी की तलाश से शुरू होती है. महिलाओं और बुजुर्गों को कभी पड़ोसियों के दरवाजे पर पानी मांगना पड़ता है, तो कभी दूसरी गली या दूसरे क्षेत्र से बाल्टियां भरकर लानी पड़ती हैं. कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टाल देते हैं. जबकि, पाइपलाइन की मरम्मत आज तक नहीं हो सकी. अब सवाल यह है कि जब नर्मदा का पानी क्षेत्र तक पहुंच रहा है तो भी रहवासियों को अपने हिस्से के पानी से क्यों वंचित होना पड़ रहा है. इसका प्रमुख और स्पष्ट कारण रहवासी केवल बदहाल रखरखाव की व्यवस्था ही बता रहे हैं.

यह बोले रहवासी...

क्षेत्र में नर्मदा पानी की लाइन तो वर्षों पुरानी डली है, लेकिन उसमें पानी नहीं आता. हमें पास के मोहल्ले में जाकर पानी लाना पड़ता है.

- मूलचंद

कई साल हो गए नर्मदा लाइन बंद पड़ी हुई है, इस तरफ सिर्फ तीन घरों के नल चलते हैं, बाकी सभी लोग आसपास से पानी भरकर लाते हैं.

- मैना बाई

मोहल्ले वालों ने छोटे से लेकर बड़े जिम्मेदारों तक से कई बार बोला कि नर्मदा की लाइन कई जगह से टूटी है, इससे हमें पानी नहीं मिल रहा है, लेकिन अभी तक सुधार कार्य नहीं हुआ.

- सुन्दर बाई

शीघ्र शुरू होने वाला है लाइन डालने का कार्य-

एलएनटी कंपनी द्वारा लाइन डालने का कार्य जल्दी शुरू होने वाला है, इसके लिए टेंडर हो चुके हैं, फिलहाल उसका मैप डिजाइन तैयार हो चुका है. लाइन डलते ही समस्या शीघ्र दूर हो जाएगी.

- विनीता मौर्य, पार्षद